परेशानी

विपणन संघ के खाद वितरण केन्द्र में बदहाली, जिम्मेदार उदासीन

खाद के लिए रात भर जाग रहे किसान

नवभारत, बाकल। राज्य सरकारी विपणन संघ मर्यादित, बहोरीबंद स्थित खाद वितरण केंद्र पर किसानों की दुर्दशा अब किसी से छिपी नहीं रही। बहोरीबंद तहसील के सैकड़ों गांवों के किसान इसी केंद्र से मिलने वाली खाद पर निर्भर हैं, लेकिन हालात यह हैं कि किसानों को समय पर खाद मिलना अब संघर्ष बन गया है। स्थिति इतनी भयावह है कि किसान एक दिन पहले ही गोदाम के बाहर कतार में नंबर लगाकर, पूरी रात कड़ाके की ठंड में में खुले आसमान के नीचे इंतजार करने को मजबूर हैं।

बीते दिन सुबह करीब 4 बजे गोदाम परिसर का नजारा खुद सरकारी व्यवस्था की संवेदनहीनता की गवाही दे रहा था। लंबी कतारों में खड़े किसान, ठिठुरते शरीर और आंखों में मायूसी किसानों के चेहरों पर साफ दिखाई दे रही थी। किसानों ने बताया कि यह कोई नई समस्या नहीं है। हर साल यही हाल है। रात में नंबर लगाओ, सुबह कहीं जाकर खाद मिलती है। मजबूरी में रातभर यहीं रुकना पड़ता है, किसानों ने आक्रोश भरे स्वर में कहा। एक ओर सरकार किसानों की आय दोगुनी करने और खेती को लाभ का धंधा बनाने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर बहोरीबंद और बाकल क्षेत्र के किसान खाद जैसी बुनियादी जरूरत के लिए रातभर ठंड में जागने को मजबूर हैं। यह दृश्य खुद सरकारी दावों की सच्चाई बयान करने के लिए काफी है। समय पर खाद न मिलने के कारण किसान फसलों में आवश्यक खाद का छिड़काव नहीं कर पा रहे हैं,जिसका सीधा असर पैदावार पर पड़ रहा है। नुकसान का बोझ किसान झेल रहा है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि किसानों की इस पीड़ा को देखने-सुनने वाला कोई नहीं। न तो व्यवस्था में सुधार के प्रयास दिखाई दे रहे हैं और न ही किसानों से संवाद की कोई पहल अब तक किसी के द्वारा नहीं की गई है। सवाल यह है कि क्या किसानों की मजबूरी अब व्यवस्था के लिए महज एक सामान्य प्रक्रिया बन चुकी है। अब समय आ गया है कि जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी नींद से जागें, अन्यथा किसानों का यह सब्र कभी भी बड़े आक्रोश में बदल सकता है।

गणतंत्र दिवस में स्कूलों में मिलेगा विशेष भोज

नवभारत, कटनी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत लक्षित सभी शालाओं के विद्यार्थियों को विशेष भोज में सब्जी, पूरी-खीर अथवा सब्जी-पूरी-हलुआ और इसके साथ मिठाई का वितरण करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और विकासखंड स्त्रोत समन्वयक को दिए गए हैं। कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा जारी आदेश में निर्देशित किया गया है कि विशेष भोज के अवसर पर भोजन स्वच्छ स्थान पर बनाया जाये और भोजन शुद्ध व गुणवत्ता पूर्ण हो। इस संबंध में सभी प्रधानाध्यापक, शाला के नोडल शिक्षक को यह दायित्व सौंपते हुए उन्हे अपनी निगरानी में सामग्री का परीक्षण कर भोजन तैयार कराने के लिए निर्देशित किया गया है। कार्य को पूरी जिम्मेदारी से करने के लिए कहा गया है।

चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार, चार मुकुट बरामद

मंदिर में चोरी की दो वारदातों का पुलिस ने किया खुलासा

नवभारत, ढीमरखेड़ा। जिले के ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के सिलौड़ी स्थित दो मंदिरों से मुकुट चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक से पुलिस ने चार चांदी के मुकुट बरामद किए गए हैं। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि 19 जनवरी को सूचना मिली थी कि सिलोंड़ी में धर्मपुरा हनुमान कुटी में मंदिर के अंदर से और सिलोंडी कस्बा में स्थित निजी मंदिर से भगवान हनुमान और भगवान राम लक्ष्मण के चांदी के चार मुकुट चोरी कर लिए गए हैं। मुकुट की कीमत करीब 80 हजार रूपए आंकी गई थी। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। मामले की विवेचना के दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने के साथ ही संदिग्धों से पूछताछ की गई। इस बीच पुलिस ने चोरी के संदेह के आधार पर सिलौड़ी गांव निवासी निखिल पिता विजय सेन (19) को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान संदेही युवक ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किए गए चांदी के चार मुकुट बरामद कर लिए हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, चौकी प्रभारी अनिल पांडेय, प्रधान आरक्षक अतुल शर्मा सहित अन्य पुलिस बल की भूमिका रही।

एक नजर में

स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए कराई जा रही सेंपलिंग

नवभारत, कटनी। नगर निगम द्वारा स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और प्रभारी आयुक्त श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर के मार्गदर्शन में शहर में जल प्रदाय टंकियों की नियमित सफाई के साथ-साथ पानी की गुणवत्ता की जांच भी कराई जा रही है। हर दिन पानी का सेंपल लेकर जांच कराई जा रही है। नगर निगम के उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव ने बताया कि जलप्रदाय विभाग द्वारा नगरीय क्षेत्र के सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से जल प्रदाय की 12 टंकियो, ओवरहेड टैंक और संपवेल की सफाई कार्य सहित 21 ट्यूबवेल सुधार कार्य के साथ ही लीकेज संबंधी 168 सुधार कार्य कराया जा रहा है। घर-घर जाकर पानी में क्लोरीन की मात्रा की जांच करने के साथ और शहर वासियों से फीडबैक भी लिया जा रहा है। निरीक्षण और घरों से पेयजल के सैंपल की जांच के तहत अब तक 691 पानी के सैंपलों की जांच कराई जा रही है, साथ ही पाइपलाइन और जल वितरण प्रणाली की भी निगरानी की जा रही है। ताकि नागरिकों को नियमित रूप से स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। इस दौरान न सिर्फ गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा है बल्कि प्राप्त शिकायतों का निराकरण भी तत्परता के साथ किया जा रहा है। शहरवासियों को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता कराने के लिए बाबा नारायण शाह वार्ड, संत कंवरराम वार्ड रॉबर्ट लाईन, बाबू जगजीवन राम वार्ड, अमीरगंज पानी की टंकी, ओवरहेड टैंक क्रमांक एक और तीन, विवेकानंद वार्ड खेरमाई मंदिर के पीछे, विश्राम बाबा वार्ड न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी टंकी का पानी सहित अन्य स्थलों से पेयजल के नमूने संग्रहित किए जाकर जांच के लिए लैब भेजे गए। नगर निगम के जल प्रदाय विभाग द्वारा बताया गया कि नगर के प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लगातार प्रयास किए जा रहे है। शहर वासियो से कहा गया है कि पेयजल संबंधी में काई भी समस्या होने पर हेल्पलाइन नम्बर 9351136230 पर तत्काल सूचना दी जाए। ताकि समस्या का समाधान कराया जा सके।

दुकानों के निर्माण में गुणवत्ता का रखा जाए विशेष ध्यान

महापौर ने किया निर्माणाधीन चौपाटी दुकानों का निरीक्षण

नवभारत, कटनी। जिला अस्पताल के सामने स्थित निर्माणाधीन चौपाटी का महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने मेयर इन काउंसिल सदस्यों और अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने प्रस्तावित दुकानों का निर्माण ऐसे किया जाए, जिससे छोटे और बड़े दोनों प्रकार के दुकानदारों को व्यापार करने में सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि चौपाटी को सुव्यवस्थित, आकर्षक और सुरक्षित सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित की जानी चाहिए। महापौर ने निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

उन्होंने कहा कि निर्धारित मानकों और नियमों के तहत समय-सीमा के अंदर चौपाटी का निर्माण कराया जाए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ पूरी पारदर्शिता के साथ कराया जाए। महापौर ने कहा कि नई चौपाटी शहर के विकास की दिशा में एक दूरदर्शी पहल है। निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ. रमेश सोनी, सुभाष साहू, परिषद सीमा श्रीवास्तव, शकुन्तला सोनी, पूर्व पार्षद डब्बू रजक, प्रभारी सहायक यंत्री अनिल जायसवाल सहित नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

पहले से कर्ज में डूबी राज्य सरकारें गांव में नहीं दे पाएगी मजदूरों को कार्य

शहर में शुरू किया गया मनरेगा बचाओ अभियान

नवभारत, कटनी। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी के निर्देश पर प्रदेश महासचिव रजनी वर्मा के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ अभियान शुरू किया गया है। प्रदेश महासचिव रजनी वर्मा ने बताया कि महात्मा गांधी रोजगार गारंटी अधिनियम सिर्फ कांग्रेस सरकार की एक योजना ही नहीं थी बल्कि ग्रामीण महिलाओं और मजदूरो के रोजगार और जीवन की सुरक्षा का कानून है, भाजपा द्वारा मनरेगा का नाम बदलने की कोशिश और इसकी मूल भावना को कमजोर करना यह दर्शाता है कि वह इस

ऐतिहासिक कानून की पहचान और अधिकार आधारित स्वरूप को कमजोर करना चाहती है। भाजपा सरकार न सिर्फ ग्रामीण मजदूरों के लिए बनी इस महत्वाकांक्षी योजना का नाम बदलना चाहती है, बल्कि इस योजना में जहां केंद्र सरकार सौ प्रतिशत खर्च उठाती थी, वही अब केंद्र पर बैठी भाजपा सरकार इस योजना के खर्च को 60:40 के अनुपात में करने जा रही है जिसमें 60 प्रतिशत केंद्र सरकार और 40 प्रतिशत राज्य सरकार इस योजना का खर्च वहन करेगी, जबकि हमारे मध्य प्रदेश राज्य की सरकार पहले से ही कर्ज में डूबी हुई है ऐसे में राज्य सरकार इस योजना के तहत ग्रामीण महिलाओ मजदूरों का भुगतान कैसे करेगी। रजनी वर्मा ने कहा कि हमारी महिला कांग्रेस केंद्र सरकार से यह मांग करती है की वह मनरेगा का नाम यथावत रखते हुए उसके विशिष्ट उद्देश्यों को पूरा करने में ध्यान दें। मजदूरों के नियमित भुगतान को सुनिश्चित करें। उनकी मजदूरी का मानदेय बढ़ाए। और इस योजना के लिए पर्याप्त बजट आवंटित करें। कटनी शहर महिला कांग्रेस द्वारा प्रदेश महासचिव रजनी वर्मा के नेतृत्व में वार्ड समितियां बनाना भी प्रारंभ किया गया जिसके अंतर्गत कटनी के विभिन्न वार्डों में जाकर महिलाओं की टीम गठन का कार्य किया जा रहा है। मनरेगा बचाओ अभियान और वार्ड समितियां के गठन के कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अमित शुक्ला, कटनी कांग्रेस के प्रभारी राजेश कुमार चौबे जी, महिला कांग्रेस की सक्रिय नेत्रीया कल्पना पाठक, अदिता वर्मा, शशि यादव सहित अन्य की उपस्थिति रही।

समर्थन मूल्य पर धान बेचने के डेढ़ महीने बाद भी नहीं हुआ भुगतान

किसानों ने की कलेक्टर से शिकायत, कार्रवाई के निर्देश

नवभारत, कटनी। बहोरीबंद विकासखंड पहुंचे कलेक्टर आशीष तिवारी ने जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान 117 आवेदकों की शिकायतें सुनी। जनसुनवाई में बहोरीबंद निवासी रीतू बर्मन ने शिकायत में बताया कि उनकी मां सावित्री देवी वर्मा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाकल में एएनएम के पद पर कार्यरत थीं और 31 अगस्त 2016 को सेवानिवृत्त हो चुकी हैं। उनकी पेंशन 9 अगस्त 2020 को जारी हो चुकी है,

लेकिन अभी तक पेंशन की शेष राशि और जीपीएफ की राशि का भुगतान नहीं हुआ है। इस पर कलेक्टर ने सीएमएचओ, बीएमओ बहोरीबंद को निर्देशित किया कि तत्काल संबंधित को लंबित पेंशन राशि का भुगतान सुनिश्चित कराया जाए। बहोरीबंद निवासी राजभान ने कलेक्टर को बताया कि उन्होंने 110 क्विंटल धान की फसल को उपार्जन केंद्र सिन्दुरसी में 12 दिसंबर को तुलवाया था, जिसकी राशि 2 लाख 62 हजार 485 रुपये है। उपार्जन की पर्ची उनके पास है, लेकिन अभी तक भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है। इसी प्रकार ग्राम सिंदुरसी निवासी पुरेन्द्र कुमार पटेल ने बताया कि उन्होंने 437 बोरियों में लगभग 175 क्विंटल धान की बिक्री की थी, लेकिन डेढ़ माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी भुगतान नहीं हो सका। कलेक्टर ने नान के जिला प्रबंधक को किसानों का भुगतान कराने के निर्देश दिए। बहोरीबंद निवासी कृपाशंकर शुक्ला ने बताया कि वे 80 प्रतिशत विकलांग हैं। उन्हें 600 रुपए मासिक विकलांगता पेंशन मिलती है,अंत्योदय कार्डधारी होने के बावजूद उन्हें अनाज नहीं मिल रहा है। कलेक्टर ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

सड़क पर सामग्री रखने पर 26 दुकानदारों पर जुर्माना

नगर निगम और यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की गई कर्रवाई

नवभारत, कटनी। शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और नियमों के उल्लंघन पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से नगर निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा बुधवार शाम नगर में एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया गया। प्राप्त निर्देशों के पालन में मुख्य जुलूस मार्ग के झंडा बाजार से आजाद चौक तक अभियान चलाकर 26 दुकानदारों द्वारा सामग्री सार्वजनिक मार्ग में रखकर अतिक्रमण करने तथा आवागमन

बाधित करने पर 7 हजार 200 रुपये के जुर्माने की कार्यवाही की गई। साथ ही व्यवसायियों को हिदायतदी गई है कि वे दोबारा अतिक्रमण नहीं करें। दोबारा अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह ने बताया कि नगर निगम और यातायात पुलिस द्वारा शहर के मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। आवागमन व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। ताकि जाम की स्थिति नहीं बने।

सड़क चौड़ीकरण के लिए हटाए गए चिन्हित हिस्से

जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक चलेगा चौड़ीकरण कार्य

नवभारत, कटनी। शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक प्रस्तावित शेष मार्ग के चौड़ीकरण कार्य के तहत नगर निगम द्वारा सयुक्त अभियान चलाकर मार्ग में बाधक बन रही चिन्हित 7 चिन्हित हिस्सों को हटाने की कार्रवाई की गई। नगर निगम के सहायक यंत्री सुनील सिंह और अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि जगन्नाथ चौक से घंटाघर मार्ग

चौड़ीकरण की योजना के अंतर्गत पहले से चिन्हित अतिक्रमणों और स्थायी दुकान, मकानों के चिन्हित हिस्से को को हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान संबंधित दुकानदारों और भवन स्वामियों को पहले ही गए नोटिस के आधार पर चिन्हित हिस्से हटाए गए हैं। अतिक्रमणों को हटाने के साथ ही निर्माण कार्य के लिए मार्ग को पूरी तरह तैयार किया जा रहा है, ताकि जल्द से जल्द मार्ग के चौड़ीकरण कार्य को पूरा कराया जा सके।

धान खरीदी में लापरवाही, चार केन्द्र प्रभारियों को दो साल के लिए हटाया

कलेक्टर के निर्देश पर जिला आपूर्ति अधिकारी ने की कार्रवाई

नवभारत, कटनी। धान खरीदी में लापरवाही बरतने पर चार केंद्र प्रभारियों को आगामी दो वर्षों के लिए उपार्जन कार्य से हटा दिया गया है। कलेक्टर आशीष तिवारी के सख्त निर्देशों के बाद यह कार्रवाई की गई। जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने बताया कि कलेक्टर तिवारी द्वारा गठित संयुक्त जांच दल ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपार्जन केंद्र कौड़िया,

हथियागढ़, निगहरा और विजयराघवगढ़ में कई अनियमितताएं पाई गईं। जांच में दस्तावेजों का नियमानुसार संधारण न होना, धान की बोरियों पर स्टेंसिल और टैग का न होना, साथ ही तौल कार्य में भी खामियां मिलीं। इन अनियमितताओं के बाद चारों उपार्जन केंद्र प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। प्रभारियों द्वारा कारण बताओ नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने पर विजयराघवगढ़ केन्द्र के प्रभारी रामनारायण गर्ग, निगहरा के प्रभारी बसंत सिंह, कौड़िया के प्रभारी पंकज पांडेय और हथियागढ़ के प्रभारी गजराज पटेल को दो वर्षों के लिए उपार्जन कार्य से पृथक कर दिया गया है।

कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू होने से पहले ही हिदायत दी थी कि कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कार्यशाला

ग्राम स्वराज अभियान के तहत सभी जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण

जनता ने आपको चुना है, जवाबदेही से करें कार्य, दिलाए पात्रों को लाभ

नवभारत, कटनी। ग्राम स्वराज अभियान के तहत जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और जनपद सदस्यों के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम जन केंद्रित दृष्टिकोण, जनता के प्रति जवाबदेही, संतुलन, निष्पक्षता, आपसी सहयोग, समन्वय, जमीनी हकीकत का विश्लेषण कर केंद्र सरकार और राज्य शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन कर हर पात्र व्यक्ति को हितलाभ पहुंचाएं। विकास कार्यों को जनहित में करना हम सबकी संयुक्त जिम्मेदारी है।

जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के पूर्व उनके विषय में भली भांति जानकारी होनी चाहिए ताकि हम जरूरतमंदों की सहायता समय पर कर सकें। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि नागरिकों ने आपको चुना है इसलिए नागरिकों की अपेक्षाएं आपसे हमेशा होती हैं। आप सभी को प्रतिदिन एक नई चुनौती का सामना करना पड़ता है। लेकिन हमें शासन की योजनाओं और नियमों की जानकारी होगी तो बहुत सारी समस्याओं का समाधान तत्काल किया जा सकता है। इस दौरान हमें राजनीतिक और प्रशासनिक संतुलन का भी ध्यान रखना आवश्यक है। कार्यशाला में प्रतिभागियों द्वारा किए गए प्रश्नों का जवाब भी जिला पंचायत सीईओ द्वारा दिया गया। कार्यशाला में उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और विकास में सहयोग देने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से संवाद करते हुए अपने कार्यक्षेत्र में प्राप्त होने वाले अनुभव साझा करने को कहा। साथ ही आवश्यक सुझाव भी मांगे, ताकि सहयोग और समन्वय से योजनाओं का क्रियान्वयन और भी बेहतर तरीके से किया जा सके। उन्होंने प्रशिक्षण का फीडबैक भी लिया। जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी ने योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता जताई। प्रशिक्षण में सतत विकास के 17 लक्ष्य, नौ थीम पर सतत विकास के लक्षण का स्थानीयकरण ग्राम पंचायत विकास योजना, जनपद पंचायत विकास योजना, जिला पंचायत विकास योजना, अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी की अधिनियम के संबंध में अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रतिभागियों मैन्युअल और टीएमपी पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन की कार्रवाई की गई।

मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने पर 30 हजार का जुर्माना

नवभारत, कटनी। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने अमानक दूध, दही और पनीर के विक्रय और संग्रहण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए प्रतिष्ठान संचालक पर 30 हजार रुपए का आर्थिक दंड लगाया गया है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश में अर्जित अनुचित लाभ और उल्लंघन की पुनरावृत्ति को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई करते हुए लेखराज चौधरी फर्म- दूध डब्बा, झिंझरी को अमानक और मिथ्याछाप दूध, दही और पनीर का संग्रहण और विक्रय करने पर 30 हजार रूपए के आर्थिक दंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड की राशि निर्धारित ट्रेजरी चालान के माध्यम से जमा करना होगा। जुर्माना राशि 30 दिन के अंदर जमा करनी होगी। साथ ही चालान की प्रति इस न्यायालय में जमा करने के लिए निर्देशित किया गया है। राशि जमा नहीं करने की दशा में लोक धन शोध अधिनियम के तहत राशि की वसूली की जाएगी। गौरतलब है कि जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई का सिलसिला लगातार खाद्य सामग्री के सेंपल लेकर जांच के लिए भेजे जा रहे हैं।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्राशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक

पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024